भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः **www.bsgindia.org** इमेल आईडीः **info@bsgindia.org** दूरभाषः**+91-11-23370126, 23378667**

परिपत्र संख्या : 36/2021

दिनॉकः 13 अप्रैल, 2021

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

विषय :–विश्व स्काउट मूट, आयरलैंड–2022

महोदय/महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 16वीं विश्व स्काउट मूट आयरलैंड में होगी। विश्व स्काउट मूट युवा लोगों के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

विवरण निम्नानुसार हैः

कार्यक्रम का नाम	:	**16वीं विश्व स्काउट मूट आयरलैंड**
दिनाँक	:	**18 से 28 जुलाई, 2022**
स्थान	:	डबलिन सिटी सेन्टर
पंजीकरण शुल्क	:	यूरो 490.00 प्रति व्यक्ति। शुल्क के अन्तर्गत 18 जुलाई को उद्घाटन समारोह से लेकर 28 जुलाई, 2022 समापन समारोह तक के कार्यक्रम सम्मिलित हैं। इसमें विश्व स्काउट मूट (डब्ल्यूएसएम) 2022 के आधिकारिक उद्घाटन से लेकर आधिकारिक समापन तक सभी गतिविधियों, भोजन एवं खानपान उपकरणों शामिल हैं। संदेह से बचने हेतु, विश्व स्काउट मूट (डब्ल्यूएसएम) शुल्क में निम्नलिखित सम्मिलित नहीं हैं। 1. आयरलैंड आने जाने की यात्रा। 2. डबलिन सेन्टर में उद्घाटन समारोह की यात्रा या विश्व स्काउट मूट 2022 के अन्त में मालाहेड कसल से यात्रा। 3. विश्व स्काउट मूट से पूर्व या पश्चात का कोई भी कायक्रम और व्यवस्था। 4. कंन्टिजेंट पैवेलियन उपकरणों का किराया, कार्यालय, भोजनगृह (जो स्थानीय दिशानिर्देशों के आधार पर विश्व स्काउट मूट 2022 का हिस्सा बन सकते हैं या नहीं भी बन सकते हैं) या किसी अन्य कंन्टिजेंट उपकरण जब तक निर्देशित ना हो। 5. व्यक्तिगत खाने के उपकरण। 6. पसर्नल स्लीपिंग टेंटस (तथापि, विश्व स्काउट मूट 2022 एक अतिरिक्त कीमत पर इस तरह के टेंट खरीदने के लिए आकस्मिक विकल्प प्रदान करने का निर्णय ले सकतो हैं, आगे की जानकारी उचित समय पर प्रदान की जायेगी।)
कौन भाग ले सकता है	:	**प्रतिभागी** **18 से 26 की आयु के युवा** जिनका जन्म 19 जुलाई, 1995 से 18 जुलाई, 2004 के बीच हुआ हो। इस जन्म तिथि श्रेणी के अन्तर्गत न आने वाले प्रतिभागियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनका आवेदन स्वतः

		निरस्त हो जायेगा। **आईएसटी** कम से कम 27 वर्ष की आयु के उम्मीदवार जिनका जन्म 18 जुलाई, 1995 या उससे पूर्व हुआ हो।
भुगतान का प्रकार	:	यदि राष्ट्रीय मुख्यालय से चयन सूचना पत्र प्राप्त होता है तो सभी सम्बन्धित भुगतान तदनुसार निर्धारित समय सीमा पूर्व किये जाने हैं, ऐसा न करने पर चयन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा एवं कौशन डिपोजिट जब्त हो जायेगा।
कौशन शुल्क	:	'रूपये 10000/– यदि चयन होने के पश्चात भाग नहीं लिया तो गैर वापसी एवं प्रतिभागिता के पश्चात समायोज्य। नई दिल्ली पर भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट निदेशक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नाम भेजा जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को रूपये 1000/– प्रशासनिक शुल्क एवं रूपय 1500/– पत्रिका हेतु तथा रूपये 2500/– स्काउट गाइड कल्याण निधि हेतु भुगतान करना होगा। जिसे कौशन मनी से समायोजित किया जायेगा।
हवाई किराया एवं वीजा शुल्क	:	अगले परिपत्र में शीघ्र ही अनुमानित हवाई किराया और वीजा शुल्क के बारे में सूचित किया जायेगा।
प्रवेश बिन्दु	:	मूट का प्रवेश बिन्दु डबलिन सिटी होगा।
आवेदन की अन्तिम तिथि	:	प्रतिभागियों और आईएसटी सदस्यों के आवेदन **15 मई, 2021** तक वैध पासपोट (पासपाट की वैधता कम से कम फरवरी, 2023 तक होनो चाहिए) की छायाप्रति एवं कौशन मनी रूपये 10000/– के साथ राष्टोय मुख्यालय नई दिल्ली अवश्य पहुच जाने चाहिए।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे सदस्यों के बीच इस मूट का व्यापक प्रचार करें तथा इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के आवेदनों का निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्न) एवं वैध पासपोर्ट की छायाप्रति के साथ सिफारिश करें जो की **15 मई, 2021** तक राष्ट्रीय मुख्यालय पर अवश्य पहुँच जानी चाहिए।

नोट : आयरलैंड वीजा का अनुमोदन/अस्वीकृति आयरलैंड दूतावास के विवेक में निहित है। किसी भी कारण/कारणों से व्यक्तिगत वीजा के इनकार के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिम्मेदार नहीं होगा।

सधन्यवाद

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट (कार्यवाहक एवं प्रशिक्षण)

संलग्नकः आवेदन पत्र

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को अनुसरण हेतु।